# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

नवरात्रि के आठवें दिन आज महाअष्टमी पर प्रदेश भर में देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं हैं।

दुर्गाष्टमी पर अयोध्या के देवकाली मंदिर, गोरखपुर के बुढ़िया माता मंदिर, महराजगंज के लेहड़ा माता मंदिर और बलरामपुर के मां पाटेश्वरी मंदिर सहित प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दुर्गा पांडालों में मां दुर्गा के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिरों के साथ–साथ सड़कों और प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

दुर्गा पूजा और दशहरा सम्बन्धी पारम्परिक अनुष्ठान के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल से ही गोरखपुर प्रवास पर हैं। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि मुख्यमंत्री नवरात्रि की महानवमी तिथि पर कल देवी दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करेंगे। कल ही वह गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन भी करेंगे।

**********

मिशन शक्ति फाइव प्वाइंट जीरो अभियान के तहत प्रदेश के अलग–अलग जिलों में विविध गतिविधियों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज वाराणसी के पुलिस लाइन सभागार में पांच सौ एक कन्याओं का सामूहिक कन्या पूजन किया गया। आयोजन में प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु भी शामिल हुए। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि अभियान के तहत वहां के विकास भवन सभागार में इक्यावन कन्याओं का कन्या पूजन हुआ और उन्हें उपहार भी दिये गये।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन तथा प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में प्रस्तुत है शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी एक रिपोर्ट–

***निपुण भारत मिशन, पीएम श्री योजना, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा और राष्ट्रीय ऋण रूपरेखा जैसी पहल शिक्षा के लचीलेपन, बहुविषयकता और अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देती है। सरकार ने जुलाई 2020 में स्कूली शिक्षा और तकनीकी शिक्षा सहित उच्च शिक्षा में विभिन्न सुधार लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रस्तुत की। इस वर्ष 29 अप्रैल को नई दिल्ली में युगम सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए देश की शिक्षा प्रणाली का आधुनिकीकरण कर रही है।***

***देश में नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लाई गई है। इसे शिक्षा के ग्लोबल स्टैंडर्ड्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई एजुकेशन पॉलिसी आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं।***

***सरकार के प्रयासों से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों सहित उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या 2014–15 में 51 हजार से बढ़कर इस वर्ष 70 हजार से अधिक हो गई है। 2014 से एम्स संस्थानों की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो गई है, जबकि मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर दो हजार से अधिक हो गई है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत बाइस सितंबर से हुई है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर 'कर की दर' कम होने से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। एक रिपोर्ट–

***नए कर ढांचे के अंतर्गत सरकार ने मार्बल और ग्रेनाइट पर कर की दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। जीएसटी में इस कटौती से निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों की लागत में कमी आई है। इसी प्रकार, सीमेंट पर भी जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, सरकार ने ईंटों के निर्माण के लिए जॉब वर्क पर कर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 12 प्रतिशत हुआ करता था। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण की लागत कम होगी। जीएसटी 2.0 के तहत इस युक्तिकरण से उपभोक्ताओं और निर्माताओं को राहत मिलने के साथ ही आवास उद्योग को भी बढ़ावा मिला है। रोहन के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी सामाचार दिल्ली।***

**********

प्रदेश के प्रयागराज और मथुरा सहित कुछ अन्य जिलों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज दोपहर बाद से बादल छाए हुए हैं, हांलाकि धूप और उमस का असर अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आगामी दो दिनों के दौरान कहीं–कहीं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कल कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोकेंदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

**********